अमर उजाला 01/02/2024

युवा उत्सव में छाए जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थी

विजेताओं को सम्मानित करते जीएमएन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त और अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 44वें इंटर जोनल युवा महोत्सव का आयोजन डीएवी पीजी कॉलेज करनाल में किया। इसमें 70 से ज्यादा महाविद्यालय के चार जोन के प्रतिभागियों ने 42 विधाओं में अपनी प्रस्तुतियां दी।

जोनल युवा महोत्सव की तरह ही इंटर जोनल युवा महोत्सव में भी जीएमएन महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यार्थियों की उपलब्धि के अवसर पर जीएमएन कॉलेज की प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में सम्मान करते हुए बधाई दी।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस जीत का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत के साथ-साथ महाविद्यालय के प्राध्यापकों के कुशल नेतृत्व को जाता है। महाविद्यालय के युवा और सांस्कृतिक विभाग संयोजक डॉ. राजेंद्र देशवाल ने बताया कि जीएमएन कॉलेज के प्रतिभागियों ने मिमिक्री में प्रथम और फोक इंस्ट्रूमेंट सोलो में प्रथम स्थान हासिल किया। क्लासिकल डांस, फोक सांग जनरल, लाइट वोकल, इंडियन, ग्रुप डांस जनरल, फोक इंस्ट्रूमेंट सोलो, हरियाणवी आर्केस्ट्रा में कॉलेज ने द्वितीय स्थान हासिल किया एवं क्लासिकल वोकल सोलो और वेस्टर्न वोकल सोलो में तृतीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कालेज के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी डॉ. राजेंद्र देशवाल सहित अन्य प्रोफेसर डॉ. चंद्रपाल, डॉ. मनजीत कौर, डॉ. केके पूनिया और डॉ. अमित ने सराहना की।